**932** **2026** **825 (GR)**

# सामाजिक विज्ञान / Social Science

**समय : 3 घंटे, 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**Time : 3 Hours, 15 Minutes** **Maximum Marks : 70**

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रारम्भ के **15** मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

ii) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

iii) इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड, खण्ड – 'अ' तथा खण्ड – 'ब' हैं।

iv) खण्ड 'अ' में एक अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्पवाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

v) खण्ड 'अ' के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ.एम.आर.** उत्तरपत्रक पर ही उत्तर दें। ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे काटें नहीं तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें।

vi) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

vii) **खण्ड 'ब' में 50 अंक के** वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

viii) खण्ड – ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

ix) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो, उस पर समय नष्ट न कीजिए।

x) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

xi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B)** लिखने के लिए दिए गए हैं।

**General Instructions :**

i) First **15** minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

ii) All questions are **compulsory.**

iii) This question paper has **two-parts, Part 'A' and Part 'B'.**

iv) **Part – A** consists of **20** Multiple Choice Questions of **one** mark each that have to be answered on the **OMR Answer Sheet** by darkening completely the correct circle with **blue or black ballpoint pen.**

v) For **Part – A**, read the question-wise instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not erase, cut or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.

vi) Marks of the questions are mentioned against them.

vii) **Part – B** consists of Descriptive Type Questions of **50** marks. There are Descriptive – I, Descriptive – II and two map related questions in this part.

viii) All the questions of **Part – B** are to be attempted all at a time.

ix) Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.

x) Attach firmly the supplied maps in your answer-book.

xi) For visually impaired examinees, **Question Nos. 9 (A) and 9 (B)** have been given separately for writing answers in lieu of map work.



# खण्ड 'अ' – बहुविकल्पीय प्रश्न

# Part 'A' – Multiple Choice Type Questions

**निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तरपत्रक में चिन्हित करें।**

**Instructions : Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR Answer Sheet.**

1. निम्नलिखित में से किसने 'स्वराज पार्टी' की स्थापना की ? **(1)**

(A) जवाहरलाल नेहरू और लाला लाजपत राय

(B) सरदार वल्लभभाई पटेल और बिपिनचन्द्र पाल

(C) जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस

(D) सी. आर. दास और मोतीलाल नेहरू

**1. Who among the following established the 'Swaraj Party' ?**

UPBoardHub

(A) **Jawaharlal Nehru and Lala Lajpat Rai**

(B) **Sardar Vallabhbhai Patel and Bipinchandra Pal**

(C) **Jawaharlal Nehru and Subhaschandra Bose**

(D) **C. R. Das and Motilal Nehru**

2. गांधीजी ने नमक-यात्रा क्यों की ? **(1)**

(A) नमक पर सरकार का एकाधिकार था।

(B) अमीर और गरीब सभी नमक का प्रयोग करते थे।

(C) नमक भोजन का मुख्य अंश था।

(D) नमक पर लगे कर को समाप्त करना चाहते थे।

**2. Why did Gandhiji start 'Salt March' ?**

(A) **There was monopoly of government over salt.**

(B) **All rich and poor used salt.**

(C) **Salt was essential part of food.**

(D) **To abolish the salt tax.**

3. 1929 की महामंदी का प्रमुख कारण क्या था ? **(1)**

(A) कृषि क्षेत्र में अति उत्पादन (B) कृषि क्षेत्र में न्यून उत्पादन

(C) बेरोजगारी (D) प्रमुख बैंकों का धराशायी होना

**3. What was the main cause of the great Economic Depression in 1929 ?**

(A) **Excessive production in agriculture.** (B) **Less production in agriculture.**

(C) **Unemployment** (D) **Failure of major banks.**



4. कांग्रेस के किस अधिवेशन में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पास हुआ था ? **(1)**

(A) मद्रास अधिवेशन 1927

(B) लाहौर अधिवेशन 1929

(C) नागपुर अधिवेशन 1920

UPBoardHub

(D) कलकत्ता अधिवेशन 1920

**4. In which session of Congress was the proposal of Non-Co-operation Movement passed ?**

(A) **Madras Session 1927**

(B) **Lahore Session 1929**

(C) **Nagpur Session 1920**

(D) **Kolkata Session 1920**

5. 'दलित वर्ग एसोसिएशन' की स्थापना किसने की थी ? **(1)**

(A) ज्योतिबा फुले

(B) बी. आर. अम्बेडकर

(C) एम. के. गान्धी

(D) पंडित जवाहरलाल नेहरू

**5. Who established 'Dalit Classes Association' ?**

(A) **Jyotiba Phule**

(B) **B. R. Ambedkar**

(C) **M. K. Gandhi**

(D) **Pt. Jawaharlal Nehru**

6. भारत में सत्ता के विकेन्द्रीकरण सम्बन्धी संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 का निम्नलिखित में से कौनसा एक सकारात्मक परिणाम है ? **(1)**

(A) निष्पक्ष और नियमित स्थानीय चुनाव कराकर समुदायों का सशक्तीकरण।

(B) स्थानीय निर्णय लेने की भूमिकाओं के लिए राज्य सरकारों पर बढ़ती निर्भरता।

(C) पूरे देश में एकरूपता बनाए रखने के लिए राज्य सरकारों पर बढ़ती निर्भरता।

(D) निर्णय लेने के मामलों में स्थानीय प्रतिनिधियों को असीमित अधिकार।

**6. Which of the following is a positive outcome of Constitutional Amendment of 1992 regarding decentralization of powers in India ?**

(A) **Empowering Communities by ensuring fair and regular local elections.**

(B) **Increasing reliance on state governments for local decision making roles.**

(C) **Centralising of power to maintain uniformity across the nation.**

(D) **Unlimited rights to the local representatives in decision making matters.**

**(W – 2) 207**

7. स्तम्भ I का स्तम्भ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **(1)**

| **स्तम्भ I (संघीय सूची)** | **स्तम्भ II (कार्यपालिका शक्ति)** |
|---|---|
| (A) संघ सूची | i) विवाह |
| (B) राज्य सूची | ii) विदेशी मामले |
| (C) समवर्ती सूची | iii) कृषि |
| (D) बाकी बचे विषय | iv) साफ्टवेयर |

**7. Match column I with II and choose the correct option**

| **Column I (Federal List)** | **Column II (Legislative Power)** |
|---|---|
| (A) Union list | i) Marriage |
| (B) State list | ii) Foreign Policy |
| (C) Concurrent list | iii) Agriculture |
| (D) Residuary subjects | iv) Software |

8. सामुदायिक सरकार से क्या तात्पर्य है ? **(1)**

(A) जब पूरा समाज मिलकर शासन का संचालन करता हो।

(B) जब सत्ता का बंटवारा विभिन्न सामाजिक समूहों में हो।

(C) बहुल कार्यपालिकावाली सरकार हो।

(D) मंत्रियों की सामूहिक जिम्मेदारीवाली सरकार हो।

**8. What is meant by community Government ?**

(A) **When the whole society runs the government together.**

(B) **When power is divided among different social groups.**

(C) **There should be a government with multiple executives.**

(D) **A government with collective responsibility of ministers.**

9. निम्नलिखित में से कौनसा राजनीतिक दलों का कार्य नहीं है ? **(1)**

(A) जनमत तैयार करना। (B) सरकार बनाना और चलाना।

(C) चुनाव लड़ना। (D) कानूनों को लागू करना।

**9. Which of the following is not a function of political parties ?**

(A) **Shape public opinion.** (B) **Form and run government.**

(C) **Contest elections.** (D) **Execute laws.**

**(W – 2) 207**

10. नीचे लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल्यांकन के कुछ विकल्प दिए गए हैं। इसमें एक सम्बंधित नहीं है। इसका पता लगाइए। **(1)**

(A) नागरिकों की गरिमा को बढ़ाता है।

(B) विपक्षी राजनीतिक दलों की माँगों पर विचार नहीं करता।

(C) नागरिकों में समानता की भावना विकसित करता है।

(D) निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है।

**10. How do we assess democratic system ? Some options are given below, one is not related to it. Find it out.**

(A) **Enhances the dignity of the citizens.**

(B) **It does not discuss the demand of opposite political parties.**

(C) **Promotes equality among the citizens.**

(D) **Improves the quality of decision making.**

11. निम्नलिखित में से कौनसा कारण मृदा के अपरदन के लिए उत्तरदायी नहीं है ? **(1)**

(A) वनोन्मूलन

(B) निर्माण

(C) खनन

(D) कृषि

UPBoardHub

**11. Which one of the following reasons is NOT responsible for soil erosion ?**

(A) **Deforestation**

(B) **Construction**

(C) **Mining**

(D) **Agriculture**

12. जल संरक्षण क्या होता है ? **(1)**

(A) घरों में पानी व्यर्थ न करना।

(B) नहर बनाना।

(C) वर्षा जल को एकत्रित करना।

(D) भूमिगत जल की सुरक्षा।

**12. What is water preservation ?**

(A) **No wastage of water in the houses.**

(B) **Construction of canals**

(C) **Collection of rain water.**

(D) **Security of underground water.**

**(W – 2) 207**

13. बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं से क्या लाभ है ? **(1)**

(A) बाढ़ पर नियंत्रण

(B) जल विद्युत उत्पादन

(C) सिंचाई की सुविधा

(D) इनमें से सभी

**13. What is the benefit of multi-purpose river valley projects ?**

(A) **Flood control**

(B) **Hydroelectricity generation**

(C) **Irrigation facility**

UPBoardHub

(D) **All of these**

14. निम्नलिखित में से कौन सी एक खरीफ की फसल है ? **(1)**

(A) गेहूं

(B) चना

(C) धान

(D) सरसों

**14. Which one of the following is a Kharif crop ?**

(A) **Wheat**

(B) **Gram**

(C) **Paddy**

(D) **Mustard**

15. निम्नलिखित में से कौन सा ऊर्जा का गैर-पारंपरिक स्रोत नहीं है ? **(1)**

(A) कोयला

(B) पवन

(C) बायोगैस

(D) परमाणु शक्ति

**15. One of the following is NOT a conventional source of energy:**

(A) **Coal**

(B) **Wind**

(C) **Biogas**

(D) **Atomic Energy**



16. निम्नलिखित में से किस प्रान्त में सीढ़ीदार (सोपान) खेती की जाती है ? **(1)**

(A) उत्तर प्रदेश

(B) उत्तराखण्ड

UPBoardHub

(C) तमिलनाडु

(D) राजस्थान

**16. In which of the following state step (Sopan) cultivation is done ?**

(A) **Uttar Pradesh**

(B) **Uttarakhand**

(C) **Tamil Nadu**

(D) **Rajasthan**

17. भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक क्षेत्र के वर्गीकरण के गलत क्षेत्रक को छाँटिए। **(1)**

(A) प्राथमिक क्षेत्रक।

(B) विदेशी क्षेत्रक।

(C) द्वितीयक क्षेत्रक।

(D) तृतीयक क्षेत्रक।

**17. Select the WRONG classification of economic sector of Indian Economy:**

(A) **Primary Sector**

(B) **Foreign Sector**

(C) **Secondary Sector**

(D) **Tertiary Sector**

18. वैश्वीकरण क्या है ? **(1)**

(A) विभिन्न राष्ट्रों का एकीकरण।

(B) विभिन्न राष्ट्रों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का आदान प्रदान।

(C) विभिन्न राष्ट्रों के बीच निवेश तथा प्रौद्योगिकी का विकास।

(D) उपरोक्त सभी।

**18. What is Globalisation ?**

(A) **Integration of different countries.**

(B) **Exchange of goods and services between different countries.**

(C) **Development of Investment and Technology between different countries.**

UPBoardHub

(D) **All of these**



19. निम्नलिखित में से खनिज आधारित उद्योग को छाँटिए। **(1)**

(A) कपड़ा उद्योग

(B) वनस्पति तेल उद्योग

(C) चमड़ा उद्योग

(D) लोहा तथा इस्पात उद्योग

**19. Select the Mineral based industry from the following:**

(A) **Textile Industry**

(B) **Edible Oil Industry**

(C) **Leather Industry**

(D) **Iron and Steel Industry**

20. रिक्त स्थान भरिए :
एक राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके ____________ सूचक होती है। **(1)**

(A) पिछड़ेपन का

(B) आर्थिक वैभव का

(C) कृषि पर निर्भरता का

(D) दूसरे राष्ट्रों पर निर्भरता का

**20. Fill in the blank:**
**The progress of International trade of a country is an indicator of its ____________.**

(A) **Backwardness**

(B) **Economic Prosperity**

(C) **Dependence on agriculture**

(D) **Dependence on other countries**

UPBoardHub

# खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न – I) Part 'B' (Descriptive Questions – I)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।**
**Answer the following questions in about 80 words each.**

1. अठारहवीं शताब्दी के अंत में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट क्यों आयी ? स्पष्ट कीजिए। **(4)**
**1. Why did textile exports from India decline in late eighteenth century ? Explain it.**

**अथवा (OR)**

उन्नीसवीं सदी में भारत की गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति के किन्हीं दो प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। **(2+2)**
**Explain any two effects of the spread of print culture on poor people in nineteenth century in India.**

**(W – 2) 207**

[12pt,a4paper]article fontspec [margin=2cm]geometry fancyhdr amsmath,amssymb

2. भारत को संघीय राज्य क्यों कहा जाता है ? दो कारण लिखिए। **(2+2=4)**
**2. Why is India called a federal country ? Write two reasons.**

**अथवा (OR)**

श्रीलंका और बेल्जियम की शासन व्यवस्था में क्या अंतर है ? किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।
**What is the difference of government systems in Sri Lanka and Belgium ? Write any two points.**

3. वनों का हमारे जीवन में क्या महत्व है ? टिप्पणी लिखिए। **(4)**
**3. What is the importance of Forests in our lives ? Write a note.**

**अथवा (OR)**

कृषि में संस्थागत सुधारों पर टिप्पणी लिखिए।
**Write a short note on Institutional Reform in Agriculture.**

4. बाजार में उपभोक्ता के शोषण के लिए उत्तरदायी कोई चार कारण लिखिए। **(4)**
**4. Write any four causes responsible for the exploitation of consumer in the market.**

**अथवा (OR)**

सहकारी समितियों से आप क्या समझते हैं ? संक्षेप में समझाइए।
**What do you understand by cooperative societies ? Explain in short.**

# खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न – II) Part 'B' (Descriptive Questions – II)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।**
**Answer the following questions in about 150 words.**

5. इटली का एकीकरण कैसे हुआ ? इसमें गैरीबॉल्डी का क्या योगदान है ? **(3+3=6)**
**5. How Italy was unified ? What is the role of Garibaldi in it ?**

**अथवा (OR)**

उदारवादी राष्ट्रवाद का क्या अर्थ है ? राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **(2+2+2=6)**
**What is the meaning of liberal nationalism ? What was its impact in political and economic area ?**

6. जातिव्यवस्था और साम्प्रदायिकता में क्या अन्तर है ? दोनों भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए किस प्रकार हानिकारक हैं ? **(2+4=6)**
**6. What is the difference between caste system and communalism ? How are they harmful for Indian democratic system ?**

**अथवा (OR)**

"उत्तरदायित्व, जवाबदेही और वैध शासन लोकतंत्र की आत्मा है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **(6)**
**"Responsibility, accountability and legitimate government is soul of democracy." Explain it.**

7. उद्योगों का किस आधार पर वर्गीकरण किया जाता है ? व्याख्या कीजिए। **(6)**
**7. On what basis the industries are classified ? Discuss.**

**अथवा (OR)**

संचार सेवाएं क्या होती हैं ? भारत में प्रयोग होने वाली विभिन्न संचार सेवाओं को समझाइए। **(1+5=6)**
**What are Tele-communication services ? Explain the various communication services used in India.**

8. रोजगार के संगठित तथा असंगठित आर्थिक क्षेत्रों में अंतर स्पष्ट कीजिए। **(6)**
**8. Clarify the difference between the organized and unorganized economic sector of employment.**

UPBoardHub

**अथवा (OR)**

भारत में ग्रामीण बैंकों के महत्व पर प्रकाश डालिए।
**Focus on the importance of Rural Banks in India.**

# (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)
# (Questions related to Map Work)

**9. (A) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए रेखा मानचित्र में $\odot$ (चिह्न) द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान के अंकन हेतु $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।**
**In the given outline map of India, locate the following places by the symbol $\odot$ with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ marks have been allotted.**

i) वह स्थान जहाँ कांग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ था। $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$
**The place where the Congress session of 1927 was held.**

ii) वह स्थान जहाँ गांधीजी का किसान सत्याग्रह 1917 में गुजरात में हुआ था। $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$
**The place where farmer satyagraha of Gujarat was held in 1917.**

iii) वह जनपद जहाँ जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$
**The district where Jallianwala Bagh incident took place.**

iv) वह स्थान जहाँ कांग्रेस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की माँग का प्रस्ताव पारित हुआ। $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$
**The place where the proposal of the 'Purna Swaraj' was passed.**

v) वह स्थान जहाँ से गांधीजी ने नील खेतीहरों के लिए 1917 में सत्याग्रह किया। $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$
**The place where Gandhi launched his Satyagraha for Indigo planters in 1917.**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (A) मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)**
**(Only for visually impaired examinees in lieu of Q. N. 9 (A) Map Work)**

**9. (A) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।**
**Write the answer of the following questions in your answer-book. Do not use map.**

i) कांग्रेस का 1927 में अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **(1)**
**i) Where was the session of Congress held in 1927 ?**

ii) गान्धीजी का किसान सत्याग्रह 1917 में गुजरात के किस स्थान पर हुआ था ? **(1)**
**ii) Where was the farmers' Satyagraha of Gujarat held in 1917 ?**

iii) किस जनपद में जलियाँवाला बाग काण्ड हुआ था ? **(1)**
**iii) Where did Jallianwala Bagh incident take place ?**

iv) कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की माँग का प्रस्ताव पारित हुआ था ? **(1)**
**iv) In which session of the congress the proposal of 'Purna Swaraj' was passed ?**

v) गान्धीजी ने 1917 में नील खेतीहरों के लिए कहाँ सत्याग्रह आन्दोलन किया था ? **(1)**
**v) Where did M.K. Gandhi launch his Satyagraha Movement for Indigo planters in 1917 ?**

# (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)
# (Map Related Questions)

**9. (B) दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :**
**Show the followings on the given outline map of India.**

i) गन्ना उत्पादन करनेवाले किसी एक प्रदेश को [चिह्न] चिह्न द्वारा नामसहित। **(1)**
**i) Any one state producing sugarcane by [sign] sign with name.**

ii) काली मिट्टी पाए जानेवाले किसी एक प्रदेश को [चिह्न] चिह्न द्वारा नामसहित। **(1)**
**ii) The black soil found in any one state by [sign] sign with name.**

iii) अरावली पर्वत श्रृंखला को ∧ ∧ ∧ चिह्न द्वारा नामसहित। **(1)**
**iii) The Aravali Mountain range by ∧ ∧ ∧ sign with name.**

iv) किसी एक भारतीय समुद्री बन्दरगाह को [चिह्न] चिह्न द्वारा नामसहित। **(1)**
**iv) Any one Indian sea port by [sign] sign with name.**

v) इन्दिरा गान्धी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को # चिह्न द्वारा नामसहित। **(1)**
**v) The Indira Gandhi International Airport by # sign with name.**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (B) मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**
**(Only for visually impaired examinees in lieu of Map Work of question 9 (B))**

**9. (B) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।**
**Write the answers of the following questions in your answer book. Do not use map.**

i) गन्ना उत्पादन करनेवाले किसी एक प्रदेश का नाम लिखिए। **(1)**
**i) Write the name of any state producing sugarcane.**

ii) अरावली पर्वत श्रृंखला कहाँ पाई जाती है ? **(1)**
**ii) Where the Aravali Mountain range is found ?**

iii) काली मिट्टी मुख्यत: किस प्रदेश में पाई जाती है ? **(1)**
**iii) In which state the black soil is mainly found ?**

iv) किसी एक प्रमुख भारतीय समुद्री बन्दरगाह का नाम लिखिए। **(1)**
**iv) Write the name of any one major sea port of India.**

v) इन्दिरा गान्धी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कहाँ स्थित है ? **(1)**
**v) Where the Indira Gandhi International Airport is situated ?**